प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001

Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

21 जून 2022

वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही के दौरान निजी कॉर्पोरेट कारोबार क्षेत्र का कार्यनिष्पादन

आज रिज़र्व बैंक ने वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही के दौरान निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र के कार्यनिष्पादन से संबंधित आंकड़े जारी किए जो 2,758 सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों (एनजीएनएफ) के संक्षिप्त तिमाही वित्तीय परिणामों से लिए गए हैं। वर्ष 2020-21 की चौथी तिमाही तथा वर्ष 2021-22 की तीसरी तिमाही के आंकड़े भी तुलना करने के लिए सारणियों में प्रस्तुत किए गए हैं। इन आंकड़ों को https://dbie.rbi.org.in/DBIE/dbie.rbi?site=statistics#!2_42 पर प्राप्त किया जा सकता है।

विशेष

बिक्री

- 2,758 सूचीबद्ध निजी गैर-वित्तीय कंपनियों की बिक्री ने वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में 22.3 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की स्वस्थ संवृद्धि दर्ज की, जबकि पिछली तिमाही में 25.3 प्रतिशत और पिछले वर्ष की चौथी तिमाही में 22.8 प्रतिशत की संवृद्धि दर्ज की गई थी (सारणी 1ए)।

- 1,709 सूचीबद्ध निजी निर्माण कंपनियों की कुल बिक्री में वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में 24.6 प्रतिशत की स्थिर संवृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) दर्ज की गई, जो पेट्रोलियम, अलौह धातुओं, लोहा और इस्पात, रसायन और कपड़ा उद्योगों में उच्च बिक्री संवृद्धि से प्रेरित है (सारणी 2ए और सारणी 5ए)।

- सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों ने इस तिमाही के दौरान बिक्री में 20.7 प्रतिशत की संवृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) के साथ संवृद्धि पथ पर अपनी यात्रा जारी रखी (सारणी 2ए)।

- परिवहन, व्यापार, दूरसंचार, होटल और रेस्तरां क्षेत्रों में स्थिर संवृद्धि के कारण, वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में गैर-आईटी सेवा कंपनियों की बिक्री में 20.9 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की बढ़ोत्तरी हुई (सारणी 2ए और सारणी 5ए)।

व्यय

- बिक्री में बढ़ोतरी के साथ, विनिर्माण कंपनियों के कच्चे माल पर व्यय में 32.8 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई; उच्च इनपुट लागत दबाव अनुक्रमिक और वार्षिक दोनों आधारों पर बिक्री के लिए कच्चे माल के व्यय के अनुपात में वृद्धि में परिलक्षित हुआ था (सारणी 2ए और 2बी)।

- विनिर्माण कंपनियों में कर्मचारियों की लागत में 7.2 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की माध्यमिक वृद्धि दर्ज की गई, जबकि वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में आईटी और गैर-आईटी सेवा कंपनियों के लिए यह क्रमश: 24.6 प्रतिशत और 17.2 प्रतिशत के साथ अधिक थी (सारणी 2ए)।

परिचालन लाभ

• व्यय में वृद्धि के कारण, वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में सूचीबद्ध निजी कंपनियों की परिचालन लाभ वृद्धि व्यापक क्षेत्रों में घट गई (सारणी 2ए)।

ब्याज

• विनिर्माण कंपनियों का ब्याज कवरेज अनुपात (आईसीआर)[1] एक वर्ष पहले के 7.3 से सुधार के साथ, वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में 9.8 हो गया; गैर-आईटी सेवा कंपनियों का आईसीआर यूनिटी से नीचे रहा (सारणी 2बी)।

मूल्य निर्धारण शक्ति

• बढ़ते व्यय के बावजूद, विनिर्माण कंपनियों ने वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में तीसरी तिमाही की तुलना में अपने परिचालन और शुद्ध लाभ मार्जिन को बनाए रखा।

• आईटी कंपनियों के लिए शुद्ध लाभ मार्जिन स्थिर रहा जबकि गैर-आईटी सेवा कंपनियों के लिए यह दूरसंचार और परिवहन कंपनियों द्वारा दर्ज किए गए हानि के कारण नकारात्मक रहा (सारणी 2बी)।

सारणियों की सूची

सारणी सं.		शीर्षक	
1	ए	सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन	संवृद्धि दर
	बी		चयनित अनुपात
2	ए	सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन – क्षेत्र-वार	संवृद्धि दर
	बी		चयनित अनुपात
3	ए	चुकता पूंजी के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन	संवृद्धि दर
	बी		चयनित अनुपात
4	ए	बिक्री के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन	संवृद्धि दर
	बी		चयनित अनुपात
5	ए	उद्योग के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन	संवृद्धि दर
	बी		चयनित अनुपात
व्याख्यात्मक टिप्पणियां			
शब्दावली			

नोट:

- विभिन्न तिमाहियों में कंपनियों का कवरेज परिणामों की घोषणा की तारीख के आधार पर भिन्न होता है; तथापि, इससे समग्र स्थिति में महत्वपूर्ण परिवर्तन की आशा नहीं है।
- संकलन पद्धति, और शब्दावली (पिछली रिलीज़ से भिन्न संशोधित परिभाषाओं और गणनाओं सहित) का विवरण देने वाले व्याख्यात्मक नोट संलग्न हैं।

रूपांबरा

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/402 निदेशक (संचार)

---

[1] आईसीआर (अर्थात, ब्याज और कर से पहले की आय का ब्याज व्यय का अनुपात) एक कंपनी की ऋण सेवा क्षमता का एक उपाय है। व्यवहार्य आईसीआर के लिए न्यूनतम मूल्य 1 है